ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

विषय हिंदी **कक्षा दस अभ्यास पत्र** **जुलाई (2024-25)**

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक सही विकल्प को चुनकर उत्तर दीजिए-

निंदा की ऐसी ही महिमा है। दो-चार निंदकों को एक जगह बैठकर निंदा में निमग्न देखिए और तुलना कीजिए, दो चार ईश्वर भक्तों से जो रामधुन गा रहे हैं। निंदकों की-सी एकाग्रता, परस्पर आत्मीयता, निमग्नता भक्तों में दुर्लभ है इसलिए संतों ने निंदकों को "आँगन कुटी छवाय" पास रखने की सलाह दी है कुछ मिशनरी निंदक मैंने देखे हैं। उनका किसी से बैर नहीं, द्वेष नहीं। वे किसी का बुरा नहीं सोचते पर चौबीस घंटे वे निंदा-कर्म में पवित्र भाव से लगे रहते हैं। प्रसंग आने पर ये अपने बाप की पगड़ी भी उसी आनंद से उछालते हैं, जिस आनंद से अन्य लोग दुश्मन की। निंदा इनके लिए टॉनिक होती है। ईर्ष्या-द्वेष से प्रेरित निंदा भी होती है लेकिन इसमें वह मज़ा नहीं जो मिशनरी भाव निंदा करने में है। निंदकों को दंड देने की जरूरत नहीं वे ख़ुद ही दंडित होते हैं आप चैन से सोइए, वह जलन के कारण सो नहीं पाता। ईर्ष्या- द्वेष से चौबीसों घंटे जलता है और निंदा का जल छिड़ककर कुछ शांति अनुभव करता है। ऐसा निंदक बड़ा दयनीय होता है। अपनी अक्षमता से पीड़ित वह बेचारा दूसरे की सक्षमता के चाँद को देखकर सारी रात श्वान जैसा भौंकता है। उसे और क्या दंड चाहिए? आपके निरंतर अच्छे काम करते जाने से उसका दंड भी सख्त होता जाता है, जैसे-एक कवि ने एक अच्छी कविता लिखी, ईर्ष्याग्रस्त निंदक को कष्ट होगा। अब अगर एक और अच्छी कविता लिख दी तो उसका कष्ट दुगुना हो जाएगा।

(1) लेखक ने किसकी जैसी एकाग्रता को दुर्लभ कहा है?

(i) विद्यार्थियों की

(ii) निंदकों की

(iii) भक्तों की

(iv) संतों की

(2) निंदको को कितने पास रखने की सलाह संतो ने दी है ?

(i) आँगन कुटी छवाय

(ii) पड़ोस में

(iii) बहुत दूर

(iv) इनमें से कोई नहीं

(3) निंदक सो नहीं पाता हैं क्योंकि-

(i) वह पवित्र कर्म कर रहा होता है।

(ii) वह आनंद प्राप्त करता है।

(iii)वह ईर्ष्या-द्वेष से जल जल रहा होता है।

(iv) वह शांति का अनुभव करता है।

(4) निंदक का कष्ट बढ़ता जाता है क्योंकि-
(i) वह अपनी अक्षमता से पीड़ित होता है।
(ii) वह बेचारा दूसरे की सक्षमता से जलता है।
(iii) वह दूसरे की सफलता से ईर्ष्याग्रस्त रहता है।
(iv) उपरोक्त सभी ।

(5) उपरोक्त गद्यांश आपको क्या शिक्षा देता है ?

(6) निंदकों को दंड देने की ज़रुरत क्यों नहीं होती ?

प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए

क) सामासिक विग्रह करके समास का नाम लिखिए-

i. भीमार्जुन
ii. आजन्म
iii. वीणापाणि
iv. गंगाजल
v. चरण-कमल

ख) सामासिक शब्द लिखकर समास का नाम भी लिखें-

i. ऋण से मुक्त
ii. विद्या रूपी धन
iii. परिवार के साथ
iv. अंशु है माला जिसकी अर्थात् सूर्य ।

प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

i. हरिहर काका के साथ उनके सगे भाइयों का व्यवहार क्यों बदल गया ?
ii. तताँरा- वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से कौन- सा सुखद परिवर्तन आया ?
iii. मोनुमेंट की जगह पुलिस ने सुबह से क्यों घेरा डाल दिया था ? पाठ 'डायरी का एक पन्ना' के आधार पर लिखिए ।
iv. पर्वतों से झड़ते हुए झरने कैसे प्रतीत होते हैं ? कविता 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर लिखिए ।

प्रश्न 4 विद्यालय परिसर में आपकी नोटबुक गिर गई है इस संदर्भ में 40 से 50 शब्दों में एक सूचना लिखिए ।

प्रश्न 5 मेहनत का फल विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए ।

प्रश्न 6 चेक बुक खो जाने की सूचना देते हुए बैंक प्रबंधक को ई- मेल लिखिए ।